प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 06.09.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

'स्वच्छ भारत अभियान'

'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत देश में वर्ष 2011 से 2020 के दौरान प्रतिवर्ष लगभग 60 हजार से 70 हजार बच्चों को अकाल मृत्यु से बचाया जा सका है। प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका 'नेचर' में यह जानकारी दी गई है।

अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और ओहायो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने वर्ष 2011 और 2020 के बीच 35 राज्यों और 6 सौ 40 जिलों की शिशु मृत्यु दर तथा पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर के आंकड़ों का अध्ययन किया था। अध्ययन में कहा गया है कि भारत में स्वच्छ भारत अभियान की अवधि के बाद और इससे पहले के वर्षों की तुलना में शिशु और बाल मृत्यु दर में तेजी से गिरावट आई। 'नेचर' पत्रिका की इस रिपोर्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वे स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों के प्रभाव को उजागर करने वाले शोध को देखकर खुश हैं।

प्रधानमंत्री शिक्षक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर कल पुरस्कृत शिक्षकों से बातचीत की है। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद थे। इस वर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।

ट्रेन निरस्त

जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली महाकौशल और श्रीधाम एक्सप्रेस 12 दिनों के लिए निरस्त कर दी गई है। रेलवे ने इसकी वजह पलवल स्टेशन में चल रहे ट्रैक सुधार कार्य को बताया है। ये दोनों ट्रेनें पांच

से 16 सितम्बर तक निरस्त रहेगी। महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन 17 सितम्बर तक निरस्त रहेगी। जबकि श्रीधाम सु□रफास्ट एक्सप्रेस 16 सितम्बर तक हजरत निजामुद्दीन की बजाए आगरा कैंट तक जाएगी और वहीँ से वा□स आएगी ।

हरतालिका तीज

आज हरतालिका तीज है। हर साल भाद्र□द मास के शुक्ल □क्ष के तृतीया के दिन हरतालिका तीज का त्यौहार मनाया जाता । बैतूल,आगर मालवा और नर्मदा□ुरम में भी महिलाएं □र्व की तैयारियों में जुटी हैं. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने हरतालिका तीज की सभी माताओं एवं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

मौसम

प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 10 सितंबर तक तेज बारिश का कोई स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव नहीं है। इस वजह से तेज बारिश का दौर थमा रहेगा। हालांकि लोकल सिस्टम की वजह से □ूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। लेकिन अगले 24 घंटे में यह दौर थम जाएगा। आज डिंडौरी और बालाघाट में तेज बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में धू□-छांव और हल्की बारिश ही रहेगी। इससे □हले कल प्रदेश में हल्की बारिश और गर्मी का असर देखने को मिला। भो□ाल में कोलार, भदभदा और कलियासोत डैम के एक-एक गेट खुले रहे। दिन में तीखी धू□ और बादल भी छाए रहे।

सॉफ्ट टेनिस चैं□ियनशि□

प्रदेश के जय मीणा और आध्या तिवारी ने वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चैं□ियनशि□ में मिक्स्ड डबल्स इवेंट्स का कांस्य □दक अर्जित किया है । कोरिया के एनसेओंग शहर में खेली जा रही 17वीं वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चैं□ियनशि□ में आज जय और आध्या की जोड़ी ने चीन की जोड़ी को 5-3 हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया । हालांकि भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में कोरियन जोड़ी से □रास्त हो गई । वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चैं□ियनशि□ के इतिहास में यह □हला अवसर है जब भारतीय खिलाड़ियों ने कोई □दक जीता है ।

कुछ समाचार संक्षे□ में...

- □न्ना में मिढ़ासन नदी के तेज बहाव में कल दो लोग बह गए। जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर नदी में टायर ट्यूब के जरिये नदी को □ार करने की कोशिश के दौरान यह हादसा हुआ ।
- शिव□ुरी जिले के बदरवास में संचालित सिलाई प्रशिक्षण एवं □रिधान उत□ादन केंद्र में महिला प्रशिक्षिणार्थियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण □ूर्ण हो गया है। द्वितीय चरण में कल 30 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया।
- आगरमालवा जिले में शासकीय चरनोई को मुक्त करवाने के लिए जारी कार्रवाई में कल नलखेड़ा तहसील के ग्राम गुर्जरखेड़ी में 185 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।
- आयुष विभाग जिला नर्मदा□ुरम के सभी 13 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वृद्ध जनों के लिए कल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये।
- मंडला में आज दो□हर तक धू□ खिली रही।जिसके बाद मौसम बदला और 1 बजे से गरज चमक के साथ जोरदार बारिश हुई।